nt>

Title: Need to provide adequate funds for development of historical tourist places in Purana Monger district, Bihar-Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार के पुराना मुंगेर जिला में ऐतिहासिक पुरातात्विक, संस्कृति, प्राकृतिक औद्योगिक तथा खनिज एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों की बहुलता की जितनी संभावना है उतनी शायद ही अन्यत्र बड़े या छोटे राज्यों में मौजूद हो जैसे पहला भीम बांध, गर्म जल का झरना, खड़गपुर, दूसरा लछुआड़, जमुई, तीसरा सीताकुण्ड मुंगेर, चौथा, श्रंगीऋाि सूर्यगढ़ा, पांचवा ऋाकुिण्ड खड़गपुर, छठा कर्ण चोरा, मंगेर, सातवां सीताचरण, गंगा में, आठवां, अशोक धाम, लखीसराय, नौंवा हाहा पंचकुमारी, खड़गपुर, दसवां मंदारहील, बौसी, ग्यारहवां, ि वक्रमशीला, भागलपुर तथा बारहवां, सिमुलतल्ला, झाझा.जमुई।

अतएव मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पर्यटन एवं संस्कृति के विकास के लिए शीघ्र निधियों का आबंटन कराने की कृपा की जाये, जिससे बिहार का सांस्कृतिक विभाग का प्रतिठा ऊंची उठ सके।